प्रादेशिक समाचार
दिनांक–06.08.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. डीजीपी के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ राज्य भर में चलाया जा रहा है विशेष अभियान, 24 घंटे में 605 फरार अपराधी गिरफ्तार।
2. राज्य सरकार ने विभिन्न जेलों में उम्रकैद की सजा काट रहे 39 कैदियों को रिहा करने का किया फैसला, मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई राज्य पुनरीक्षण पर्षद की बैठक में प्रस्ताव को मिली मंजूरी।
3. राज्य के उद्योग मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने नयी दिल्ली में झारक्रॉफ्ट इम्पोरियम का किया उदघाटन, कहा– झारखंड के उत्पादों को मिलेगी नयी पहचान।
4. राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने लोकसभा चुनाव में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस और सीआरपीएफ के कई जवानों को किया सम्मानित।
5. पेरिस ओलंपिक में भारत और जर्मनी के बीच हॉकी का सेमीफाइनल मुकाबला आज, पदक पक्का करने मैदान में उतरेंगे भारतीय खिलाड़ी।

****

डीजीपी अनुराग गुप्ता के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी विशेष अभियान में पिछले 24 घंटे के दौरान 605 फरार अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। सबसे अधिक हजारीबाग और बोकारो रेंज से फरार अपराधी पकड़े गये हैं। गौरतलब है कि डीजीपी ने राज्य में अपराध पर अंकुश लगाने का स्पष्ट निर्देश जारी किया है। इसी सिलसिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

****

इस राज्यव्यापी अभियान के दौरान धनबाद जिले से 105 वांछित अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। जिले के पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दन ने इस बारे में पत्रकारों को जानकारी दी।

****

राज्य सरकार ने विभिन्न जेलों में उम्रकैद की सजा काट रहे 39 कैदियों को रिहा करने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में झारखंड राज्य पुनरीक्षण पर्षद की 31वीं बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गयी। बैठक के दौरान 74 कैदियों की रिहाई की समीक्षा की गयी। समीक्षा के बाद 39 कैदियों को रिहा करने पर सहमति बनी। बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को आदेश दिया कि रिहा होने वाले कैदियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने की पहल की जाये।

****

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत चिकित्सकों, पारा कर्मियों, संविदाकर्मियों की दैनिक उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए उपस्थिति पोर्टल की शुरुआत की है। इस पोर्टल के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों द्वारा दर्ज की जा रही बायोमैट्रिक उपस्थिति का क्रास वेरिफिकेशन किया जायेगा। पोर्टल का शुभारंभ करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है।

****

राज्य के उद्योग मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने नयी दिल्ली के जनपथ स्थित सेंट्रल कॉटेज इंडस्ट्री परिसर में झारक्रॉफ्ट इम्पोरियम का उदघाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आने वाले समय में हैदराबाद और चेन्नई समेत कई अन्य बड़े शहरों में इसके आउटलेट खोले जायेंगे। श्री भोक्ता ने कहा कि झारक्राफ्ट उत्कृष्ट उत्पादों के उत्पादन, बिक्री के साथ साथ बहुत से कारीगरों को रोजगार भी मुहैया करता है। सेंट्रल कॉटेज इंडस्ट्रीज का परिसर काफी विख्यात है। यहां न सिर्फ देश से बल्कि विदेशों से भी ग्राहक आते हैं। उन्होंने कहा कि इस पहल से झारक्राफ्ट को नई पहचान मिलेगी।

****

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉ आशा लकड़ा ने पूर्वी सिंहभूम जिले में आदिवासियों के कल्याण के लिए चलायी जा रही योजनाओं की समीक्षा की। बाद में एक प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर उन्होंने कहा कि आदिवासियों के खिलाफ उत्पीड़न की शिकायत केवल एसटी थाने में ही नहीं बल्कि किसी भी थाने में दर्ज होनी चाहिए। उन्होंने आदिवासियों के मौलिक अधिकार की रक्षा पर जोर दिया।

****

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार और राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी एवी होमकर द्वारा लोकसभा चुनाव में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पुलिस और सीआरपीएफ के पदाधिकारियों को सम्मानित किया। सम्मान पाने वालों में पुलिस के 23 और सीआरपीएफ के 14 पदाधिकारी शामिल हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि राज्य में पांच बजे शाम के बाद तक चुनाव की परिकल्पना को पूरा करने का काम प्रशासनिक पदाधिकारियों, पुलिस और सीआरपीएफ के सम्मिलित प्रयासों से ही संभव हो सका।

****

पूर्वी सिंहभूम जिले के सिदगोड़ा थाना क्षेत्र के एग्रीको वर्कर्स फ्लैट के एक बंद घर से आबकारी विभाग ने 234 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की है। उत्पाद आयुक्त विमला लकड़ा ने बताया कि अरुणाचल प्रदेश में बेची जाने वाली अंग्रेजी शराब की 26 पेटियां बरामद की गयी हैं। उन्होंने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है।

****

पलामू जिले के पांकी थाना क्षेत्र के हुरलौंग गांव में बिजली के तार की चपेट में आने से पिता और पुत्र की मौत हो गई। बताया जाता है कि आज दोनों अपने खेत में काम कर रहे थे। इसी दौरान बिजली तार की चपेट में आ गये।

****

पिछले तीन दिनों तक लगातार हुई बारिश के बाद खरकाई और स्वर्णरेखा नदी का जलस्तर बढ़ गया है। इसे देखते हुए सरायकेला–खरसावां जिले में आपदा प्रबंधन की टीम को सक्रिय कर दिया गया है।

****

राज्य के कई जिलों में आज और कल भारी बारिश की संभावना है। मौसम विज्ञान केन्द्र ने इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। इसके साथ ही लोगों को सतर्क रहने की भी सलाह दी गयी है। आज जिन जिलों में बारिश का अनुमान व्यक्त किया गया है उनमें सिमडेगा, सरायकेला–खरसांवा, पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम, देवघर और धनबाद भी शामिल हैं। जबकि कल रांची के अलावा पलामू, गढ़वा चतरा और लातेहार के इलाके में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गयी है।

****

पेरिस ओलिंपिक में आज भारतीय खिलाड़ी हॉकी, एथलेटिक्स, टेबल टेनिस और कुश्ती की स्पर्धाओं में भाग लेंगे।

****